प्रभात खबर
अखबार नहीं आंदोलन
कोलकाता, सोमवार, 19 सितंबर 2016 (आश्विन कृष्ण 3 संवत् 2073) ■ कोलकाता। रांची। पटना। जमशेदपुर। धनबाद। देवघर। सिलीगुड़ी। मुजफ्फरपुर। भागलपुर। गया से प्रकाशित ■ पृष्ठ 14 ■ मूल्य ₹ 3.50 ■ नगर संस्करण

# देश के सच्चे सपुत्र थे शास्त्री

■ बोले केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल

**कोलकाता.** केंद्रीय वित्त व कॉरपोरेट राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल आज द इंस्टीट्यूट ऑफ़ कॉस्ट एकाउंट्स ऑफ़ इंडिया के सेमिनार में शामिल हुए. कोलकाता स्थित जेएन बोस ऑडीटोरियम में आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि श्री मेघवाल ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जमकर तारीफ की. उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री देश के सच्चे सपुत्र थे. कॉस्ट कॉम्पिटीटीवनेस एंड इकोनॉमिक ग्रोथ विषय पर आयोजित सेमिनार में उन्होंने कहा कि 1958 में लाल बहादुर शास्त्री ने ही इस भवन का उदघाटन किया था. उन्होंने अपने घर से कॉस्ट अकाउंट की शुरुआत की थी. उनका स्कूल नदी के उस पार था. स्कूल जाने के लिए नाव पर तांबे का एक लाल पाई लगता था. उस लाल पाई से घर की सब्जी आ जाती थी. गरीबी इतनी थी कि वह लाल पाई सब्जी के लिए बचाने के लिए नदी तैर कर पार करते थे. एक बार वह विदेश गये, तो उन्होंने जवाहर लाल नेहरू का कोर्ट पहन कर गये, जिसमें उनका जूता तक ढक गया था. ऐसे महापुरुष से हमें कॉस्ट मैनेजमेंट सीखना चाहिए. उन्होंने इस बात पर रोष जताया कि एक गाड़ी जब कोई खरीदता है, तो उसका कॉस्ट 30 लाख रुपये होता है और उसका रिपेयर पार्ट्स खरीदने में 60 लाख रुपये कैसे लगते हैं. इस बात को कॉस्ट अकाउंट ऑफ़ इंडिया को देखना चाहिए. आज उनकी वजह से मोबाइल फोन के दाम हर रोज गिर रहे हैं.

## श्री बाल हनुमान मंदिर लेकटाउन पहुंचे मेघवाल



केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शनिवार को श्री बाल हनुमान मंदिर लेकटाउन का दौरा किया. उनके साथ हरिकिशन राठी, शांतिलाल जैन, विद्यासागर मंत्री व प्रकाश चंडालिया मौजूद थे. इस मौके पर मंदिर कमेटी के दीनदयाल जोशी, दिलीप कुमार अग्रवाल, सुनील तोसावर, अमित धानुका, मनोज कुमार अग्रवाल, प्रवीन मित्तल, दीपक सोमानी, नंद किशोर सुल्तानिया, राजेश अग्रवाल, संजय गुप्ता, अरूण शर्मा ने श्री मेघवाल का स्वागत किया.